पत्रांक–9A/विविध (पोर्टल) 03–08/2025–.....25.....(9A)/रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## बिहार पटना

**प्रेषक,**

**मणि भूषण किशोर,**
**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

**सेवा में,**

राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी,
बिहार स्टेट सेन्टर, एन0आई0सी0 भवन,
सूचना भवन कैम्पस, नेहरू पथ,
पटना, बिहार।

पटना–15, दिनांक–...03/01/26

**विषय :–** **बिहारभूमि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में FIFO (First in First out) की व्यवस्था को दिनांक–31 मार्च, 2026 तक स्थगित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यो, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) से संबंधित मामलों और 'भूमि सुधार जन कल्याण संवाद' के माध्यम से प्राप्त शिकायतों/आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु यह आवश्यक समझा गया है कि वर्तमान में बिहारभूमि पोर्टल पर लागू FIFO (First in First out) की व्यवस्था को अस्थायी रूप से शिथिल किया जाय।

बिहारभूमि पोर्टल पर आवेदनों के निपटारे हेतु निर्धारित FIFO क्रम को तत्काल प्रभाव से 31 मार्च, 2026 तक के लिए स्थगित कर दिया जाए, ताकि उक्त प्राथमिकता वाली श्रेणियों के आवेदनों का निष्पादन समय–सीमा के भीतर किया जा सके। उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था की समीक्षा 31 मार्च, 2026 के पश्चात् की जाएगी और आवश्यकतानुसार FIFO की व्यवस्था को पुनः प्रभावी (Enforce) करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निदेश जारी किये जाएंगे।

अतएव निदेशानुसार अनुरोध है कि सॉफ्टवेयर में आवश्यक तकनीकी बदलाव सुनिश्चित करते हुए विभाग को सूचित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

03/01/26

**(मणि भूषण किशोर),**
**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

ज्ञापांकः–9A/विविध (पोर्टल) 03–08/2025–....25...(9A)/रा0,/रा0, पटना–15, दिनांक...03/01/26

प्रतिलिपिः– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार/सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार/सभी अंचलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/01/26

**(मणि भूषण किशोर),**
**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

E:\Subodh\Fifo.docx

ज्ञापांकः–**9A**/विविध (पोर्टल) 03–08/2025–...25...(**9A**)/रा0,/रा0, पटना–15, दिनांक...03/01/26

प्रतिलिपिः– माननीय उपमुख्यमंत्री–सह–मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

03/01/26

(मणि भूषण किशोर),
विशेष कार्य पदाधिकारी।